हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 जनवरी 2024



04 सड़कों पर उतरे ट्रक-बस ड्राइवर, रसूलपुर...



07 अमले ने कई बसों को किया चेक, दो को जब्त कर...



### नववर्ष के प्रथम दिन 50 हजार श्रद्धालु भक्त पहुंचे मां के दरबार, हवन कराए

# पीतांबरा शक्ति पीठ पर मां बगलामुखी का किया मनोहारी श्रृंगार, फूलों से सजाया दरबार







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नववर्ष 2024 परिवार में सुख-समृद्धि, खुशहाली लेकर आए ऐसी मंगल कामना को लेकर सोमवार को वर्ष के प्रथम दिवस प्रदेश सहित देश भर से 50 हजार से अधिक श्रद्धालु भक्त धार्मिक आस्था के साथ मां बगलामुखी के दरबार पहुंचे, जहां भक्तों द्वारा माँ के दर्शन, पूजन व हवन अनुष्ठान किये। भक्तों द्वारा देवी दर्शन कर अपने नववर्ष की शुरुआत की गई। सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें माता के दर्शन के लिए लगने लगी जो देर शाम तक जारी रही। भक्तों द्वारा लगाए गए माता की जयकरो से पूरा मंदिर परिसर गूंजायमान हो रहा था। अंग्रेजी नववर्ष के प्रथम दिन नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ता दिखाई दिया।

### गर्भ गृह के बाहर से ही दर्शन कराए गए



माता मंदिर पर बड़ी संख्या में भक्तों के आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी। स्थानीय तहसीलदार प्रीति भिंसे से एवं थाना प्रभारी शशि उपाध्याय अपने स्टाफ के साथ व्यवस्था संभाल रही थी। भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा भक्तों को माता मंदिर के गर्भ गृह के बाहर से ही दर्शन करवाए गए।

सिद्धपीठ पहुंचे भक्तों द्वारा मंदिर में दर्शन पूजन किया गया साथ ही कई भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में परिवार की खुशहाली तथा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हवन अनुष्ठान भी किया। सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें माता के दर्शन के लिए लगने लगी जो देर शाम तक जारी रही। इस दरमियान 50 हजार से अधिक माता भक्त सिद्धपीठ पर दर्शनार्थ पहुँचे। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सोमवार को प्रातःकाल से ही भक्तों का गर्भगृह में प्रवेश निषेध कर दिया गया था। दर्शनार्थियों को सोलह खंबे वाले पांडाल से दर्शन करवाये जा रहे थे। नववर्ष पर दर्शनार्थियों का आलम यह था कि दोपहर के बाद सायंकाल तक कतारें मंदिर के सिंह द्वार के बाहर तक पहुंच गई थी। इस दौरान लगभग एक घंटे कतार में लगने के बाद भक्तों को माता रानी के दर्शन हो पा रहे थे। माता मंदिर पर पहुँचे भक्तों द्वारा माँ के दरबार में शीश नवा कर नववर्ष परिवार में सुख, शांति, समृद्धि व खुशहाली लेकर आए इस तरह की कामना की गई।

### किया आकर्षक श्रृंगार

नववर्ष के प्रथम दिन सोमवार को माता रानी का आकर्षक पीताम्बरा श्रृंगार किया गया था। सम्पूर्ण गर्भगृह को पुष्पों से आकर्षक रूप में सजाया गया था। मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई थी। नव वर्ष के उपलक्ष में माता मंदिर पर राजा विक्रमादित्य के समय की स्थापित दीपमालिका को भी दीपों की रोशनी से जगमगाया गया था। माता मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदासजी पंडा गुरुदेव ने बताया कि नववर्ष के प्रथम दिन की तैयारी के लिए हमने 31 दिसंबर की रात्रि में माता का विशेष चोला चढ़ाकर आकर्षक रूप से मनोहरी रूप में प्रतिमा को श्रृंगारित किया गया व गर्भगृह की भी आकर्षक सजावट की गई।

### मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसर

नववर्ष के प्रथम दिन माता मंदिर पहुंचे कई भक्तों द्वारा मंदिर आहते में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किये गए। भक्तों द्वारा किए गए हवन के मंत्रों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था।

### भक्त द्वारा किया गया निःशुल्क भंडारे का आयोजन

नववर्ष के प्रथम दिन सोमवार को मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में शुजालपुर निवासी गौरव परमार परिवार द्वारा पिछले 8 वर्षों से निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जहां हजारों भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

### ड्रायवरों की हड़ताल से प्रभावित हुई संख्या

हिट एंड रन एक्ट के खिलाफ ड्रायवरों द्वारा सोमवार से की गई हड़ताल एवं इंदौर व उज्जैन में कई स्थानों पर चक्का जाम करने के कारण सिद्धपीठ पर पहुंचने वाले दर्शनार्थियों की संख्या प्रभावित हुई। दूर दराज से आने वाले भक्त इंदौर अथवा उज्जैन पहुंचकर टैक्सी अथवा अन्य परिवहन के साधन के लिए नलखेड़ा तक फोन लगाते रहे। यदि हड़ताल नहीं होती तो दर्शनार्थियों की संख्या और अधिक रहती।

## हिट एंड रन एक्ट के विरोध में ड्राइवरों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

हिट एंड रन एक्ट के विरोध में स्थानीय बस, ट्रक एवं अन्य चौपहिया वाहनों के ड्रायवरों ने प्रदर्शन कर पुलिस थाने पर ज्ञापन सौंपा। सोमवार को स्थानीय बस, ट्रक एवं अन्य चौपहिया वाहनों के ड्रायवरों द्वारा अपना कार्य बंद कर बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सरकार से हिट एंड रन एक्ट को वापस लेने को लेकर नारेबाजी भी की गई। ड्रायवर एशोसिएशन अध्यक्ष जाकिर मंसूरी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नए कानून के विरोध में सभी ड्रायवर हड़ताल पर है। उन्होंने बताया कि ड्रायवरों ने प्रदर्शन करने के बाद स्थानीय पुलिस थाने पर एक ज्ञापन भी सौंपा है।

गौरतलब है कि ड्रायवरों की हड़ताल के कारण नगर से एक भी यात्री वाहन नहीं चले। सभी यात्री बसें खड़ी कर दी गई है जिसके कारण यात्रियों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि नए कानून के तहत एक्सीडेंट के बाद भागने वाले ड्राइवर पर 10 साल की सजा के साथ-साथ 7 लाख तक अर्थदंड की सजा का प्रावधान किया गया है।

### राज्यमंत्री द्वय पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर



नलखेड़ा। मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार में नवनियुक्त राज्यमंत्री नारायणसिंह पवार एवं दिलीप अहिरवार विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी माता मंदिर पहुंचे, जहां उनके द्वारा माता रानी के गर्भगृह के बाहर बैठकर विधि - विधान व मंत्रोच्चार के साथ माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। राज्यमंत्री पवार रविवार रात्रि को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे थे। वहीं राज्य मंत्री अहिरवार नव वर्ष के प्रथम दिवस सोमवार देर शाम माता मंदिर पहुंचे। जहां मंत्री द्वय द्वारा माता रानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। माता मंदिर पहुचने पर श्री पवार तथा श्री अहीरवाल का भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर सम्मान किया व माता बगलामुखी की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। माता मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा द्वारा भी मंत्री द्वय का स्वागत कर उन्हें माता की चुनर ओढ़ाई गई।

## कर्जा लेकर मर गए तो उसके घर का बैल या कुत्ता बनकर चुकाना पड़ेगा : बाईसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

### सात दिवसीय भागवत कथा का समापन





नगर के नवीन बस स्टैंड पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गंगा के सातवें दिन कथा सरस सुगणा बाई सा ने विभिन्न प्रसंगों पर का उल्लेख करते हुए सातवें दिन कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। व्यासपीठ से बाई सा ने कहा कि आपके पास जो है उसमें खुश रहना सीखिए। उधार लेकर तीर्थ मत करो, व्यर्थ का दिखावा करने से पहले उसका कर्ज चूका दो जिन्होंने भला मानकर आपका साथ दिया था। कभी किसी का एक रुपया भी मत खाओ क्योंकि किसी का कर्जा लेकर यदि मर गए तो अगले जन्म में उसके घर का बैल या कुत्ता बनकर उसका कर्ज को चुकाना पड़ेगा।

कथा को विस्तार देते हुए व्यास जी सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं । उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया उन्हें कुबेर का धन दिया।जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। नवीन बस स्टैंड पर चल रही सात दिवसीय कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कथा व्यास महराज ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। कथा के आखरी दिन बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। साथ ही समापन पर श्रीमद् भागवत महापुराण की भव्य आरती की। सभी भक्तो ने भागवत महापुराण की पूजा कर प्रसादी ग्रहण की साथ ही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन हुआ।



### वानरराज की आकस्मिक मृत्यु पर ग्रामीणों ने हिन्दू रीति रिवाज अनुसार दाह संस्कार कर रस्मों को निभाया

नलखेड़ा। वर्तमान समय में जहां रिश्ते दरक रहे हैं, वहीं आगर जिले के ग्राम गुराड़िया के युवाओं ने पशु प्रेम का अनूठा उदाहरण पेश किया है। इस गांव में एक वानरराज की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर ग्रामीणों ने हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार न केवल दाह संस्कार किया बल्कि सारी रस्मों को भी निभाया। हिंदू रीति-रिवाज से वानरराज की 13वीं रस्म अदा की गई। 25 युवाओं ने मुंडन भी कराया, और कपड़ा कार्यक्रम कर करीब 2000 लोगों को ब्रह्म भोज कराया। ग्राम गुराड़िया में पिछले दिनों एक वानर की बिजली के खंभे से चिपकने से मौत हो गई थी। ग्रामीण युवाओं ने पहले हिंदू रीति-रिवाज से वानर का अंतिम संस्कार किया। तीन दिन बाद उठवाना और राजस्थान के झालरापाटन स्थित चंद्रभागा नदी में अस्थी विजर्सन किए। उसके बाद दशा कर्म के तौर पर घाटा प्रथा के तहत ग्राम के 25 नवयुवकों ने बाल दान किए। साथ ही कपड़ा प्रथा का आयोजन कर ग्राम के शनि मंदिर पर भंडारा किया। इसमें करीब दो हजार लोगों को भोजन भी कराया गया। ग्रामीण कैलाश दांगी ने बताया की हिंदू मान्यता में वानरराज को हनुमानजी का रूप माना गया है। इस कारण उनकी मौत पर हिंदू रीति-रिवाज अनुसार क्रिया कर्म किए। कार्यक्रम पर करीब 60 हजार रुपए का खर्च आया, जिसे सभी ग्रामीणों ने आपस में बांट लिया।

### वर्ष की शुरुआत मौसम में बदलाव के साथ हुई

## कोहरे के साये में हुई नव वर्ष की सुबह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़





साल 2023 की आखरी रात 31 दिसंबर को लोगों ने अपने अपने तरीके से जश्न मनाते हुए नव वर्ष का स्वागत किया, तो वहीं नव वर्ष की शुरुआत मौसम में बदलाव के साथ घने कोहरे के साथ नए साल की सुबह हुई।नगर सहित अंचल के गांव में मौसम में आए बदलाव के चलते तापमान में गिरावट देखने को मिली।सुबह से ही आसमान में घना कोहरा छाया रहा और पुरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए साथ ही ठंड का प्रकोप भी जोरों पर रहा। पूरे दिन ठंड से राहत पाने के लिए लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लिया तो वहीं दुकानदारों ने ठंड से बचने हेतु अलाव का सहारा लिया। घने कोहरे के कारण सुबह 10 बजे तक आलम यह था की पांच मीटर दुर भी देखना मुश्किल हो रहा था। इस कड़ा के की ठंड में लोग गर्म चाय की चुस्की लेते और गर्म गर्म दूध जलेबी का आनंद लेते नजर आए।

### सर्द मौसम से हुई नववर्ष की शुरुआत, दिन भर छाई रही धुंध, जलते रहे अलाव



नलखेड़ा। सोमवार को नववर्ष की शुरुआत शीतलहर व सर्द मौसम से हुई। दिनभर धुंधल छाई रही, सूर्यदेव ने भी दर्शन नही दिए। सर्द मौसम से बचने के लिए दिनभर अलाव जलते रहे। जनजीवन प्रभावित रहा। सोमवार को नववर्ष 2024 की शुरुआत सर्द मौसम से हुई। प्रातःकाल से ही धुँधल छाई रही। वही बर्फीली हवाएं चलना प्रारम्भ हो गई। दिनभर सूर्यदेव ने भी दर्शन नही दिए जिसके कारण मौसम और अधिक सर्द हो गया। सर्द मौसम से बचने के लिए नागरिक दिनभर जहाँ गर्म वस्त्र धारण किये रहे वही गर्मी प्राप्त करने के लिए स्थान - स्थान पर दिनभर अलाव जलते रहे। यहाँ तक कि नववर्ष पर माता रानी के दर्शन करने आये दर्शनार्थी भी मंदिर परिसर एवं मंदिर के बाहर जल रहे अलाव से गर्मी प्राप्त करते रहे। नववर्ष के प्रथम दिन सर्द मौसम के कारण जनजीवन भी प्रभावित रहा। जहां नागरिक घरों से देर से निकले।

## साल के पहले दिन ही छाया घना कोहरा, सर्दी का दिखा असर

### वाहनों की हेडलाइट जलाकर निकले वाहन चालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

जिला मुख्यालय के साथ ही क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से आसमान में बादलो का डेरा जमा हुआ था जिसके चलते सर्दी का असर कम था जैसे ही आसमान से बादल छटते ही असर दिखा और सोमवार को सुबह से ही घना कोहरा छा गया। कोहरा इतना घना था कि 5 मी दूर का भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था वहीं वाहन चालकों ने अपने हेडलाइट चालू कर निकले सुबह सर्दी का आलम यह था कि लोग जैकेट्स, शॉल आदि गर्म कपड़ों में नजर आए। वही जगह-जगह लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचने का जतन करते हुए दिखाई दिए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत रापड़ी में शिविर आयोजित

## 'गांव, गरीब, किसान आत्मनिर्भर होगा तभी हमारा देश विकसित होगा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

गांव, गरीब, किसान आत्मनिर्भर होगा, तभी हमारा देश आत्मनिर्भर एवं विकसित होगा। इसी उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है, जो व्यक्ति शासन की जिस भी योजना से वंचित है, वह अपना पंजीयन करवाकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। यह उद्गार विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत रापड़ी में आयोजित शिविर को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत-संकल्पित है, हर वर्ग के लिए कोई न कोई योजना बनाकर संचालित की है, जिनका लाभ लें। सांसद ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा 06-06 हजार रुपए की किसानों को सम्मान निधि देकर उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है, आज किसान अपनी छोटी-मोटी कृषि लागतों को पूरा करने में सक्षम है।

### जनकल्याण की योजनाओं का अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ मिल रहा : गहलोत

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक मधु गेहलोत ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनकल्याण की योजनाओं का अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ मिल रहा है, जो व्यक्ति अब तक शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित है, वह संबंधित विभाग के स्टॉल पर जाकर अपना पंजीयन करवाएं। किसानो से कहा कि गेहूं का भूसा बनाकर कम से कम एक ट्रॉली भूसा गौशालाओं के लिए जरूरी दान में दें, ताकि गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसे की उपलब्धता रहे। सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर ने कहा कि शिविर में ग्राम पंचायत स्तर पर उज्ज्वला योजना, एनआरएलएम, किसान एवं कृषि कल्याण विभाग, बैंक व अन्य विभाग के स्टॉल लगाकर वंचित एवं अपेक्षित व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ देने हेतु पंजीयन किया जा रहा है, जो व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित है, वे संबंधित स्टॉल पर जाकर जानकारी प्राप्त कर अपना पंजीयन जरूर करवाएं। शिविर के दौरान जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, पूर्व विधायक लालजीराम मालवीय, जनप्रतिनिधि ओम मालवीय, गोविंद सिंह बरखेड़ी, दिनेश परमार एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन रहे।



### ड्रोन का प्रदर्शन कर किसानों को बताए खेती के लाभ

शिविर पश्चात सांसद एवं विधायक की उपस्थिति में कृषि विभाग द्वारा किसानों के समक्ष ड्रोन का संचालन एवं प्रदर्शन कर किसानों को बताया कि ड्रोन की सहायता से कृषि कार्य को और भी सरलता से कैसे किया जा सकता है। ड्रोन के माध्यम से फसलों पर कीटनाशकों का छिडक़ाव, फसल स्वास्थ्य की जानकारी, नैनो तरल यूरिया का छिड़काव, मिट्टी की जानकारी आदि आसान हो गया है। यह हानिकारक रसायनों से मानव संपर्क को भी सीमित करता है। कृषि ड्रोन इस कार्य को पारंपरिक तरीके की तुलना में बहुत तेजी और बेहतर तरीके से अंजाम दे सकता है। इस अवसर पर किसानों को ड्रोन अनुदान की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय की वेबसाइट पर आवेदन कर ड्रोन अनुदान प्राप्त किया जा सकता है। कृषकों का ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा तथा पायलेट लायसेंस प्राप्त करने के उपरांत 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषको को ड्रोन क्रय कर सकेंगे।

### ग्राम पंचायत बेहका में आयोजित हुआ शिविर

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहका में भी शिविर आयोजित किया गया। जहां सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उनका लाभ लेने का आव्हान ग्रामीणों से किया। आई.ई.सी. वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर प्रधानमंत्री का संदेश, संकल्प-वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन, मेरी कहानी मेरी जुबानी लाभार्थियों की व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख- अनुभव साझा किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

### शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**देवास।** गुजराती रामी माली धर्मशाला मालीपुर मुक्ति मार्ग में 31 दिसंबर से 6 जनवरी तक आयोजित की गई श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। नगर के प्रमुख मार्गो से बेंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकल गई। शोभा यात्रा का महिला, पुरुषों, धर्म प्रेमियो द्वारा पुष्प वर्षा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा का समापन कथा स्थल पर हुआ। कथा के पहले दिन पंडित सचिन शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण जो भी कर लेता है वह मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। उसे कभी कष्ट भी नहीं आते हैं। श्रीमद् भागवत कथा मोक्षदायिनी है। प्रत्येक मानव श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें। आयोजक मंडल की शकुंतला हीरालाल पडियार सहित अतिथियों ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सैकड़ो धर्म प्रेमी सैकड़ो धर्म प्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

### जरूरतमंदों को शाल व फल किए वितरित

**देवास।** डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय युवा संघ के जिला अध्यक्ष ने अपने जन्मदिवस पर उज्जैन चौराहा स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जरूरत मंद लोगो को फल और साल वितरित किए। जिला सचिव विक्की मालवीय ने बताया कि जिला अध्यक्ष की इस मुहिम में आगे भी संगठन की ओर से जरूरत मंद लोगो को ठंड को देखते हुए फुटपाथ पर मजबूरी में जीवन व्यापन कर रहे गरीब, असहाय लोगो को साल, कंबल जिला स्तर पर बांटे जाएंगे। बीते कुछ सालों में संगठन के द्वारा निरंतर निःशुल्क डा अंबेडकर मिशन अकादमी डामा कोचिंग क्लासेस की कई शाखाएं संचालित हो रही है।

### नए कानून हिट एंड रन का शहर सहित जिले में हुआ जोरदार विरोध

# सड़कों पर उतरे ट्रक-बस ड्राइवर, रसूलपुर बायपास पर दो घंटे किया चक्काजाम, शहर के पेट्रोल पंप पर लगी भीड़





बस स्टैंड पर यात्री बसों के पहिए रुके, नहीं चले वाहन। हिट एंड रन के नए कानून का हुआ जमकर विरोध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कई नए कानूनों की जानकारी दी है। सरकार ने हिट एंड रन मामले में नया कानून बनाया है इस नए कानून के चलते देवास मे कई ट्रक बस ड्राइवर यूनियन ने इस कानून का विरोध करते हुए आज सुबह ही देवास बस स्टेण्ड सहित बायपास स्तिथ हाईवे पर चक्काजाम किया। बता दे की हिट एंड रन मामले में सरकार ने नया कानून बनाया जिसके तहत अगर कोई ट्रक/बस ड्राइवर किसी को टक्कर मारकर भागता है तो उसे 10 साल की जेल होगी। हालांकि देवास यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और अपना मोर्चा संभाला। वही बस चालको का कहना है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का अंधा कानून इस देश में चल रहा है वही एक ड्राइवर 500 रुपए की मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पालता है वह 7 लाख रुपए कहा से लेकर आएगा जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी यह हड़ताल जारी रहेगी मांग है कि कानून को वापस लिया जाए। ट्रक व बस ड्राइवर सोमवार को हिट एंड रन कानून के विरोध में सडक़ों पर उतरे और शहर में दो से तीन जगह रास्ते बंद करने के प्रयास किया। उसके बाद स्थानीय रसूलपुर बायपास पर दो घंटे तक चक्काजाम कर दिया, जिसके चलते वाहनों की कतारें लग गई। इसके पहले सुबह से बस व ट्रक ड्राइवर सडक़ पर चलने वाले वाहनों को रोक रहे थे। पुलिस की समझाइश के बाद भी ड्राइवर नहीं माने और विरोध स्वरुप जगह-जगह वाहनों को रोकते रहे। इधर रसूलपुर बायपास पर एसडीएम बिहारीसिंह पहुंचे जहां हड़ताल कर रहे ड्राइवरों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा उसके बाद चक्काजाम खुला। हड़ताल के दौरान ड्राइवरों का कहना है कि जब तक नियमों में परिवर्तन नहीं होता है तब तक काम बंद रहेगा।



### बसों के बंद होने से यात्री हुए परेशान

सुबह से विभिन्न रुटों पर चलने वाली बसों के चक्के थमने से बस स्टैंड पहुंचे कई यात्री परेशान नजर आए। बस ड्राइवर्स ने सुबह से अपनी बसें बस स्टैंड पर खड़ी कर दी थी।

### हड़ताल की सूचना के बाद पेट्रोल पंप पर लगी कतार

ड्राइवरों की सूचना के बाद शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों की कतारे लगी रही। लोगों ने घंटों तक कतार में खड़े रहकर अपने वाहनों में पेट्रोल डलवाया।

### ड्राइवरों की हड़ताल का दिखा असर



**चापडा।** सरकार द्वारा ड्राइविंग के संबंध में एक नया कानून लाने की बात बताई जा रही है। जिसको लेकर सभी ड्राइवर 1 जनवरी से हड़ताल प्रारंभ की है। जिसका असर सड़कों पर देखने को मिला है, चापड़ा से प्रतिदिन सैकड़ो यात्री बसें व अन्य लोडिंग वाहन गुजरते हैं, लेकिन सोमवार के दिन इस मार्ग पर सन्नाटा नजर आया। सिर्फ निजी वाहन ही चलते दिखाई दिए। वही ग्राम बेडामऊ में भी ड्राइवरों ने अन्य वाहन चालकों को रोक कर समझाएईश दी और उन्हें बताया है कि वह भी हड़ताल कर रहे हैं चालकों का सहयोग करें। जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा एक नया नियम लागू किया जाना बताया जा रहा है, जिसको लेकर ड्राइवर द्वारा यह हड़ताल की जा रही है। हालांकि नियम अभी लागू नहीं हुआ है। ड्राइवर का मानना है कि इस नियम के तहत ड्राइविंग करना सम्भव नहीं है। इस नियम को सरकार द्वारा लागू न करने की मांग को लेकर हड़ताल की जा रही है। सोमवार के दिन आमजन को भी परेशान होना पड़ा। यात्री बस नहीं चलने कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही दोपहर के बाद क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर भी काफी भीड़ देखी गई। लोगों का मानना है कि हड़ताल होने के कारण पेट्रोल टैंकर भी पेट्रोल पंप तक नहीं पहुंच पाएंगे, पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिल पाएगा। इसी के चलते सोमवार दोपहर बाद बागली के बीएसएनल टावर के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक चालकों की काफी भीड़ देखने को मिली यहां पर लोग अतिरिक्त पेट्रोल डलवाने के लिए आए। लोगों का मानना है की डिपो से ही डीजल व पेट्रोल के टैंकर बंद है। हड़ताल न जाने कब तक चलेगी, यदि पेट्रोल नहीं रहा तो वह आना-जाना कैसे करेंगे। उसी को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल पंप पर पहुंचे और अपनी अपनी गाड़ियों में पेट्रोल डालते हुए नजर आए।







## नववर्ष में मंदिरों में दिनभर लगा भक्तों का तांता





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वर्ष 2024 नई उम्मीदें लेकर आया इसी आशा के साथ शहरवासियों ने नए वर्ष के पहले दिन की शुरुआत देवालयों में भगवान के दर्शन कर की। वैसे तो नए वर्ष का स्वागत सभी लोग अलग-अलग तरह से करते है। हालांकि ज्यादातर लोग नए साल के पहले दिन भगवान के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लेकर नए साल का स्वागत कर पूरा साल अच्छी तरह सुख-समृद्धि के साथ बीते ऐसी कामना करते हैं। नववर्ष के पहले दिन लोगों ने शहर सहित आसपास के मंदिरों का रूख किया। सोमवार सुबह से मंदिरों में लोगों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। शहर की प्रसिद्ध माता टेकरी, बिलावली महाकाल मंदिर, बांगर स्थित दत्त मंदिर,नागदा गणेश मंदिर,खेड़ापति मारुती मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर भक्तों का दिनभर सैलाब उमड़ता रहा।

### माता टेकरी पर लगती रही कतारें

वरात्रि पर जिस तरह का नजारा माता टेकरी पर देखने को मिलता है। उसी तरह का नजारा वर्ष-2024 के पहले दिन टेकरी पर देखने को मिला। सीढ़ी मार्ग और रपट मार्ग पर तडक़े सुबह से भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह से लेकर शाम तक लाखों भक्तों ने माता रानी मां चामुण्डा व तुलजा भवानी के दर्शन किए।

## संस्था देववासिनी की महाआरती में जुटे हजारों श्रद्धालु, जनसमूह ने की माताजी की आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संस्था देववासिनी द्वारा माता टेकरी पर प्रत्येक शनिवार, रविवार को महाआरतीयां आयोजित की जा रही है। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तजन हिस्सा ले रहे हैं। संस्था द्वारा देवास नगर के प्रत्येक वार्डों से श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर महाआरतियां संपन्न कराई जा रही है। इसी क्रम में विगत शनिवार को वार्ड क्रमांक 12 राजाराम नगर, चाणक्यपुरी क्षेत्र तथा रविवार को वार्ड क्रमांक 30 गजरा गियर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओ ने अपने हाथों से अपने जीवन में पहली बार मां तुलजा भवानी, मां चामुंडा देवी की आरती की।

संस्था देववासिनी के सचिव महेश चौहान ने बताया कि शनिवार को राजाराम नगर के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं देवास विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेश यादव ने वार्ड वासियों सहित तथा रविवार को गजरा गियर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शीतल गहलोत ने वार्ड के श्रद्धालुओं सहित टेकरी पर पहुंचकर माताजी को चुनरी, श्रंगार भेंट कर पुजन किया और आरती उतारी। संस्था देववासिनी द्वारा आयोजित कराई जा रही महाआरतियों कि जैसे-जैसे प्रसिद्धि हो रही है वैसे-वैसे चयनित वार्ड के श्रद्धालुओं के साथ नगर के भी सैकड़ो श्रद्धालु निरंतर शनिवार और रविवार को महा आरती में शामिल होने आने लगे हैं। इसके अतिरिक्त बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं में भी गंगा आरती के तर्ज पर की जाने वाली निरंजनी महा आरती में शामिल होने के भाव देखे जा रहे हैं। आरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालु दोपहर बाद से ही माता जी के दरबार में एकत्रित होने लग जाते हैं और आरती में शामिल होने के उपरांत उनके चेहरों पर एक खुशी का अलग ही भाव दिखाई देता है।आगामी शनिवार 6 जनवरी को वार्ड क्रमांक 19 तथा रविवार 7 को वार्ड क्रमांक 26 के नागरिकों श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी की महाआरती संपन्न की जाएगी।

### भव्य कलश यात्रा निकालकर 84 गांवों को वितरित किए गए अक्षत कलश

# व्यास पीठ से प्रारंभ हुई कलश यात्रा, नगर के प्रमुख मार्गों से किया भ्रमण







हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

अयोध्या में वर्षो बाद नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्री राम भगवान का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को निर्धारित किया गया है। उससे पूर्व में ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर्व को लेकर तैयारियां की जा रही है। अयोध्या से आए अक्षत का गांव-गांव में वितरण किया जा रहा है।

इस दौरान सोमवार के दिन बागली नगर में भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बागली नगर के प्राचीन व्यास पीठ से प्रारंभ हुई, जो कि पूरे नगर का भ्रमण करते हुए गांधी चौक पहुंची। इस दौरान यात्रा में बागली तहसील क्षेत्र के लगभग 84 गांव के ग्रामीण यात्रा में सम्मिलित हुए। पूरा बागली नगर भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा और पूरा भगवामय हो गया। यात्रा में महिलाएं सर पर कलश रखकर चल रही थी, तो वही युवा हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। बता दे की यात्रा में चंपाबाग व्यायाम शाला अखाड़ा के कलाकार भी आगे आगे चलते हुए अपने करतब करते दिखाई दिए।

इस दौरान जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में विभाग सह समरसता प्रमुख कन्हैयालाल विश्वकर्मा, खंड कारवाह धर्मेंद्र सिंह सेंधव, हरिओम दास,विधायक मुरली भंवरा, पंडित कनिष्क त्रिवेदी एवं सभी कारसेवक उपस्थित रहे। गांधी चौक पर आयोजित सभा के दौरान कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने अयोध्या के श्री राम मंदिर को लेकर कई प्रमुख बातें उपस्थित सभी ग्रामीण जनों व महिलाओं को बताई। साथ ही मंच से संचालन करते हुए मुकेश गुर्जर ने सभी से अपील की है कि 22 जनवरी को सभी ग्रामीण अपने-अपने घरों पर यह पर्व मनाए। अपने घरों पर दीपक जलाए और भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का जश्न अवश्य मनाएं।

इस दौरान जिला कार्यवाह धर्मेंद्र सेंधव ने बताया कि बागली तहसील के 84 गांव में अक्षत कलशो का वितरण किया गया है, यह कलश सभी गांव के राम मंदिरो में रखे जाएगे। गांव के कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर सभी ग्रामीणों के घर पहुंचकर उन्हें अयोध्या में पहुंचकर रामलाल के दर्शन करने के लिए आमंत्रित करेंगे।

साथ ही 22 जनवरी को अपने-अपने घरों पर ही प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने की अपील करेंगे। इस अक्षत कलश यात्रा में काफी उत्साह देखा गया। जिसमें भगवान श्री राम परिवार की झांकी अलग-अलग वाहनों पर सजाई गई थी, जो कलश यात्रा में सम्मिलित हुई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव द्वारा भी नगर परिषद की ओर से यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान यात्रा में जेसीबी मशीन एवं हार्वेस्टर मशीन से भी ग्रामीण जन यात्रा में पहुंचे और इस दौरान मंच से सभी अतिथियों द्वारा सभी गांव के कार्यकर्ताओं को अपने-अपने गांव का कलश वितरण किया गया।

इस दौरान ग्राम भमोरी के ग्रामीण हार्वेस्टर मशीन से एवं ग्राम तिस्सी के ग्रामीण जन जेसीपी मशीन में सवार होकर कलश अपने गांवों में ले गए। अक्षत कलश यात्रा में भगवान श्री राम की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही।

### हनुमान अष्टमी पर महारूद्राभिषेक के साथ होगा अनुष्ठान

**देवास।** हनुमान अष्टमी के अवसर पर बाबा बडक़ेश्वर हनुमान जी का महारूद्राभिषेक किया जाकर विशेष श्रृंगार व अनुष्ठान किया जाएगा। समिति अध्यक्ष दिलीप बांगर ने बताया कि 4 जनवरी, गुरूवार को हनुमान अष्टमी महापर्व पर श्रीराम मंदिर पर भजन-कीर्तन के साथ सायं 6 बजे से संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ होगा। रात्रि 8.30 बजे हनुमान जी की महाआरती में सैकड़ों की संख्या में माता बहनें एवं हनुमान भक्तगण अपनें घरों से आरती की थाली लेकर सम्मिलित होगी। आरती पश्चात महाप्रसाद का वितरण होगा। गौरतलब है कि श्रीराम मंदिर में स्थित हनुमान जी का प्रति मंगलवार को विशेष श्रृंगार, भोग, हवन कर हनुमान चालीसा का पाठ वर्षो से होता आ रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल होते है। श्री बांगर ने शहर के समस्त श्रद्धालु भक्तों से आगृह किया है कि हनुमान अष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ लें।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता के लिए किए जा रहे नवाचार




**आष्टा।** नगर पालिका आष्टा द्वारा पिछले कहीं वर्षों से लगातार स्वच्छता नवाचार के नए-नए तरीकों से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है नगर पालिका आष्टा शहर में कचरे को कम करने के लिए नगर पालिका के टीम नागरिकों से घर-घर जाकर जागरुक कर स्वच्छता नवाचार को बढ़ाया जा रहा है वही स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्री रायसिंह मेवाड़ा जी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री राजेश सक्सेना जी और संस्था एवीएस कंसलटेंसी सर्विसेज टीम के द्वारा नगर में पुरानी वस्तुओ को पुनः उपयोग में लाने के लिए नगर वासियों को समझाया की आप अपने घर पर जो वस्तूए बेकार हो या पुरानी हो गई है उसको दुबारा उपयोग में लाया जा सकता है। इस दौरान ज्ञानसिंह बामनिया, योगी सक्सेना,ऋतु सक्सेना, राज ठाकुर, रामेश्वर, कल्ला भाई, मुशर्रफ, उबेश, ताहिर, जमीर, अंकित, ज़मीर कुरैशी आदि उपस्थित थे।

### जेडी किड्स में हुआ बाल मेले का आयोजन

**आष्टा।** नगर के जेडी किड्स एकेडमी स्कूल मे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य मे बाल मेले का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ श्री मेवाड़ा द्वारा किया गया। बाल मेले मे विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनो जे स्टाल बनाये गए, जिनका अतिथियों सहित अभिभावको एवं विद्यालय परिवार द्वारा लुत्फ़ उठाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न तरह के खेलो की प्रतियोगिता का आयोजन भी संपन्न हुआ. कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रायसिंह मेवाड़ा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुवे कहा कि जीतने वाले अलग चीज नहीं करते है, वे चीजों को अलग ढंग से करते हैं। और क्या फर्क होता है एक टॉपर और एवरेस्ट स्टूडेंट में। की टॉपर कभी भी रठता नहीं है, वे हमेशा चीजों को समझता है, वे कांसेप्ट को समझता है, उनको प्रैक्टिकल में अप्लाई करता है। और इसलिए उनने कोई चीज को भूलता नहीं है। जिसमें असफलता के डर से कुछ नया करने की कोशिश नहीं की, वे व्यक्ति कभी जिंदगी में सफल या महान नहीं बन सकता। जेडी किड्स एकेडमी स्कूल हुए बाल मेले के अवसर पर बड़ी संख्या मे विद्यार्थीगण, शिक्षकगण मौजूद थे।

## गुना में बस हादसे के बाद जागा जिला प्रशासन और पुलिस अमला

# अमले ने कई बसों को किया चेक, दो को जब्त कर 10 के बनाए चालान

**हादसे के बाद बस में आग लगने पर एक दर्जन से अधिक लोग जिंदा जलकर मौत के मुंह में समा गए थे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बुधवार की रात गुना में बस में आग लगने पर एक दर्जन से अधिक लोग जिंदा जलकर मौत के मुंह में समा गए। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय से त्वरित आदेश जारी किए गए कि हर जिले में सभी बसों की जांच हो। शुक्रवार 29 दिसंबर की शाम को एसडीएम आनंद सिंह राजावत, सहायक कलेक्टर तहसीलदार अर्पित गुप्ता, एसडीओपी आकाश अमलकर, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर पुलिस अमले को लेकर भोपाल नाका उत्कृष्ट विद्यालय के समीप तथा बस स्टैंड परिसर के अंदर बसों की जांच कराई ,जिसमें किसी के पास परमिट नहीं होना तो किसी के पास कागज नहीं होना पाया गया। कुछ बस वालों के पास कागज नहीं थे तो ,कोई ड्रेस पहने हुए नहीं था। नंबर प्लेट नियम अनुसार नहीं थी। जिस पर पुलिस ने 10 बसों के चालान बनाकर 5000 का अर्थदंड किया तथा दो बस बिना परमिट की पाए जाने पर उन्हें जब्त किया गया।

### कुछ दिन बाद वापस पुराना ढर्रा

ऐसा हर बड़े हादसे के बाद देखने में आता है ।कोई भी कार्रवाई लगातार नहीं होती है ।बुधवार की रात गुना में बस में आग लगने पर एक दर्जन से ज्यादा लोग जिंदा जलकर मौत के मुंह में समा गए थे, इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने त्वरित आदेश जारी किया कि हर जिले में सभी बसों की जांच हो। शुक्रवार को एसडीएम आनंद सिंह राजावत, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एसडीओपी आकाश अमलकर ,नगर निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ यातायात अमलें तथा अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को लेकर बसों की जांच करने निकल पड़े और चेकिंग शुरू कर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई ।खास बात यह है कि आरटीओ विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जांच के दौरान सिर्फ दो बसों में परमिट नहीं होना पाया गया। जिसके नंबर है एमपी 09 एफ ए 3144 एवं 3440 उक्त दोनों बसों को जब्त करके थाने पर खड़ा कराया गया ।प्रशासन को जांच के दौरान 10 बसे ऐसी मिली जिनमें यातायात नियम का पालन नहीं हो रहा था ।उन पर 5000 रुपए का अर्थदंड किया गया है। उक्त टीम ने बस के चालक को रोककर बस से उतारा और दस्तावेज देखे । साथ ही बसों में अग्निशमन यंत्र ,सीट, आपातकालीन दरवाजा व खिड़की सहित अन्य जांच पर ध्यान नहीं दिया गया ।अधिकांश बसों में अग्निशमन यंत्र नहीं था। चालानी कार्रवाई के बाद बस संचालकों को सभी जरूरी दस्तावेज पूर्ण रखने ,बसों को फिट रखने ,ओवरलोडिंग नहीं करने के निर्देश दिए गए।

### बिना परमिट के दौड़ रही हैं बसें

करीब 1 घंटे चले अभियान के दौरान 12 बसों में से दो बसें बिना परमिट के सड़कों पर दौड़ती हुई नजर आई। जबकि अगर हाईवे पर जांच की जाती तो अनेक बसें बगैर फिटनेस और बिना परमिट के दौड़ते हुए नजर आती। कई बसों में सुरक्षा मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है ।कई बसों के टायर पुराने होकर फूटने के कगार पर हैं ,तो कई बसों में आपातकालीन दरवाजा ही नहीं है ।सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन के नियम का पालन भी अधिकतर बस संचालक नहीं करते। त्यौहारी सीजन में हर बस ओवरलोड होकर चलती है ।साथ ही सवारी के चक्कर में बसों की रेस पर यातायात अमला भी रोक नहीं लगाता ।आरटीओ द्वारा हर बार हादसे के बाद कार्रवाई तो की जाती है लेकिन बसों में यात्रियों की जान की सुरक्षा इंतजामों पर अनदेखी की जाती है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बुरे हाल

ग्रामीण रोड पर चलने वाली अधिकांश बसों के भी खस्ता हाल है। लेकिन छोटा रूट होने के कारण आरटीओ और यातायात पुलिस द्वारा इन पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता ।इन रूटों पर कई मैजिक और वैन जैसे वाहनों में दिनभर ओवरलोडिंग के नजारे देखे जा सकते हैं ।साथ ही तेज गति के कारण हादसे का डर भी बना रहता है।

### दुर्घटना के यह हैं कारण

डंपर द्वारा अधिक एक्सीडेंट होते है क्यों की ड्राइवर मिलते नहीं है जो गांव में टैक्टर चलाते हैं उन्हें ड्राइवर बना कर कर बैठा देते हैं ।डंपर वाली बड़ी कंपनी होती है छोटे मोटे एक्सीडेंट होने पर ड्राइवर को वैसे ही छुड़ा लेते है इसलिए इनका दिमाग मोटा होता जाता है, एक्सीडेंट का डर नही होता।बड़ी कंपनी होने से ज़्यादा डंपर होने हिसाब किताब कोन रखे इसलिए ठेके पर ड्राइवर को ही डंपर देते है डीजल बचाने के लालच में ये निवटल कर डंपर चलाते जिससे घाटी पर डंपर तेज गति से दौड़ता है ,ब्रेक लगाने पर रुकता नही है। नागरिक आरटीओ से पूछना चाहते हैं कि किलिनर होना चाहिए कि नही, अधिकांश कार्मेशियल गाड़ी में नहीं मिल रहे हैं। जो लोग जिंदा जले उनकी कल्पना करो कैसी स्थिति रही होगी। प्राकर्तिक तोर पर कोई एक्सिडेंट हो तो समझ में आता है ये तो जैसे जान बुझ कर किया गया है। कलेक्टर को हटाने से कुछ नही होने वाला है किस माहौल में गाड़िया चल रही है ये रीति नीति बदलनी होगी। कोई अमला या आरटीओ हाइवे पर दस -बीस गाड़ियों को रोक कर उनके हाल चाल जाने। जब वास्तविकता सामने आएगी। आप रोज बस में यात्रा करते है क्या आपने आगे का टायर देखा है यदि वह गंजा है तो दूसरी बस का इंतजार कीजिए।

# लाभार्थियों को मिल रहा सम्मानः गोपाल इंजीनियर

**भारत संकल्प यात्रा का हो रहा आयोजन**



**आष्टा।** विधायक का कई ग्रामों में हो रहा तुलादान, मिल रहा जन समर्थन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अतंर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आरोलिया में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के माध्यम से लोगों के बीच जन सेवा ही सच्ची राष्ट्र भक्ति है मेरा संकल्प और उद्देश्य आप लोगो के बीच रह कर समाजसेवा करना ही है ग्राम पंचायत लसुड़िया पार, खजुरिया कासम में फलों से तुलादान किया गया विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सभी ग्रामीण जनों और प्रबुद्ध लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में कमी नही आने दुगा आपने मेरा नही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान किया है। भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार की डबल इंजन सरकारों ने विकास कार्यों और योजनाओं में सभी वर्गो को ध्यान में रखकर अनेकों योजनाओं से लोगो को लाभान्वित किया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण, मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी, देव तुल्य कार्यकर्त्ता, ग्रामीण जन युवा साथी मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

# बिजली कंपनी ने 450 से अधिक काटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासन ने विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बिजली के बिल बकायादारों के स्थगित किए थे। चुनाव संपन्न होने के पश्चात इन बकायादारों से सख्ती के साथ वसूली करने के निर्देश जारी हुए ।विद्युत मंडल नित्य ही तीन से चार दर्जन विद्युत बकायादारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर रहा है। कुछ जगहों पर विद्युत कर्मचारियों को विद्युत कनेक्शन विच्छेद करना महंगा पड़ रहा है।

शुक्रवार को कसाईपुरा चौराहे पर जब एक बकायादार का विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया गया तो उसने कर्मचारियों के साथ गाली गलौच कर अभद्र व्यवहार किया। स्थिति यह निर्मित हो गई थी कि बकायदार ने विद्युत कर्मचारियों को मौके से निकलने नहीं दिया तथा विद्युत कनेक्शन वापस जोड़ना पड़ा, कुछ बकाया राशि जमा भी करवाई गई है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। शुक्रवार को 28 विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए। अभी तक 450 से अधिक विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए जा चुके हैं। विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी एवं कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू ने बताया कि शासकीय में बाधा पहुंचने पर 29 दिसंबर को एफ आईआर दर्ज कराई गई है ।शासन के नियमानुसार विद्युत बिलों की बकाया राशि वसूली के दौरान आष्टा शहर के कसाईपुरा चौराहा पर जुबेर कुरैशी पिता शब्बीर कुरैशी उर्फ रज्जू कुरैशी एवं आशिक कुरैशी द्वारा बकाया राशि पर विद्युत लाइन काटने के दौरान विवाद किया एवं गाली –गलोच की गई , मौके पर बनाया गया विडिओ भी डिलीट कर दिया गया।

थाना आष्टा में धारा 294,353,506 -34 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। बिजली कंपनी द्वारा चुनाव से पूर्व बकाया बिजली के बिल स्थगित कर दिया गया था। चुनाव उपरांत सख्ती से बिजली कंपनी वसूली कर रही है। वही जो हमेशा रेगुलर बिजली बिल का भुगतान नहीं करते है उन्हें शासन माफ कर देता है। जबकि नियमित बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ता को कोई फायदा नहीं होता है। बिल वसूली न करने पर विभाग कर्मचारी, अधिकारी पर कार्यवाही करते है। आष्टा थाना प्रभारी द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई की गई।

# सड़क निर्माण के चलते 15 दिन पहले तोड़े पुल का नहीं किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

विगत दिनों से चल रहे रोड निर्माण कार्य के ठेकेदार द्वारा श्यामपुर स्थित श्री राम चौक पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। जहां सर्विस रोड का निर्माण नहीं करते हुए पुल तोड़ दिया गया। जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है की मेन रोड भी गुणवता विहीन घटिया बनाया जा रहा है। जिसमे से जगह-जगह गिट्टिया निकलने लगी है। नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा भारी अनियमित बरती जा रही है। पुल को तोड़े हुए 15 दिन हो चुके हैं, लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है। इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी द्वारा 2 करोड़ की लागत से पांच महा पूर्व बस स्टैंड से मंडी तक सीसी रोड का निर्माण कराया गया। उसमें जगह-जगह गिट्टी निकलना शुरू हो चुकी है। इसकी जांच की जाए व दोनो तरफ नाली निर्माण व फुटपाथ निर्माण भी कराया जाए।



अगर प्रशासन इस और ध्यान नहीं देता है तो ग्रामीण जन उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### घटिया स्तर से हो रहा नाली का निर्माण

सीहोर से श्यामपुर रोड पर एमपीआरडीसी के द्वारा नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण में निम्न स्तर का मटेरियल प्रयोग किया जा रहा है। ठेकेदार ने



कॉलोनी के रास्ते में पाइप ना डालते हुए नाली के ऊपर लोकल छत डाल दी है जिससे भारी वाहनों से नाली टूट जाएगी ठेकेदार को नागरिकों को द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद भी नाली में मनमानी तरीके से घटिया निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण जनों का शासन से निवेदन है उचित जांच की जाए एवं घटिया निर्माण को रुकवाया जाए एवं दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मोनिका बरेठा ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



महाराणा प्रताप राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 का आयोजन राजस्थान के जयपुर शहर में हुआ। जयपुर के सवई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित हुई प्रतियोगिता में प्रदेश सहित सीहोर जिले के ग्राम अमलाहा की होनहार खिलाड़ी मोनिका बरेठा ने भी भाग लिया। जिसमें मोनिका बरेठा ने 57 किलो ग्राम में भाग लेकर रजत पदक जीता। मोनिका की इस उपलब्धी पर कोच सहित परिजन व मित्रों ने बधाई दी।

# हाई स्कूल में कक्षा एक और दो में पढ़ाने वाले शिक्षकों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शासकीय हाई स्कूल जसमत में एफ एलएन कक्षा एक और दो में पाढ़ने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद करवाया गया। जिसमें निपुण भारत और श्रेष्ठ भारत की नई शिक्षा नीति पर चर्चा की गई। शैक्षिक संवाद में बीआरसी तरुण कुमार बैरागी, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी मनोहर बडगूजर, सजन मालवीय, लाल सिंह मालवी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर शिक्षक दिलीप सिंह पचलासिया, राजेश उज्जवल, बाबूलाल पेरवाल, रामचंद्र योगी, कविता ठाकुर, राम बसिया, सावित्री राठौर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल को लेकर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा में विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकसित भारत/2047 फ्लेक्स पर अंकित क्यूआर कोड के माध्यम से प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों द्वारा सुझाव एवं अभिमत आइडिया पोर्टल पर दर्ज किए गए।

जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.पुष्पलता मिश्रा द्वारा सशक्त भारतीय, डॉ. रचना श्रीवास्तव अतिथि विद्वान रसायनशास्त्र द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिक, डॉ.ललिता राय श्रीवास्तव अतिथि विद्वान द्वारा सुशासन एवं सुरक्षा, डॉ. बेला सुराणा अतिथि विद्वान राजनीतिविज्ञान द्वारा विश्व में भारत विषय पर विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया एवं परिचर्चा की गई। आयोतित हुए कार्यक्रम में प्रभारी जितेन्द्र विश्वकर्मा अतिथि विद्वान कम्प्यूटर द्वारा विकसित भारत आइडिया पोर्टल पर सुझाव एवं अभिमत दर्ज करने की प्रक्रिया को ऑनलाईन के माध्यम से समझाया गया। इस कार्यक्रम महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

**विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सेवदा स्कूल में विद्यार्थियों से की चर्चा**

# अच्छे अंक लाकर शासन की योजना का लाभ लें: राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सेवदा का निरीक्षण विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत द्वारा किया गया। प्रार्थना में सभी शिक्षक उपस्थित रहे, बच्चो की उपस्थिति भी संतोषजनक पाई गई, निदानात्मक कक्षाओं का संचालन नियमित किया जा रहा है, शाला में समस्त शैक्षणिक गतिविधि संपन्न करवाई जा रही हैं।छात्रों का स्तर बहुत ही अच्छा है, जिले से प्राप्त होने वाले हर विषय के दो प्रश्न को शिक्षक द्वारा नियमित हल करवाया जा रहा है।

शाला का रिकार्ड भी दुरुस्त पाया गया, शाला में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई, वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत हेतु सभी छात्र -छात्राओं को टिप्स दिए गए। एक दिन पूर्व ग्राम भंवरा के हाई स्कूल में 11 शिक्षक समय पर नहीं आए थे। इस संबंध में प्राचार्य को निर्देशित किया कि शिक्षकों को समय पर स्कूल आने के संबंध में नोटिस जारी करें।



# डेस्क पर बैठकर पढ़ाई करेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विकासखंड के 175 माध्यमिक स्कूलों में से करीब 45 स्कूलों में बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करते हैं एवं परीक्षा देते हैं ।राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा लिए गए निर्णय पर विकासखंड के ग्राम अरनियाराम एवं लोरासकला के माध्यमिक शाला को फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। इन दोनों स्कूलों के बच्चे अब टाट पट्टी पर बैठकर नहीं करेंगे पढ़ाई। समीपस्थ ग्राम अरनियाराम एवं लोरासकला के माध्यमिक स्कूल में टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को अब क्लास रूम में बैठने के लिए ड्यूल डेस्क उपलब्ध कराई जा रही है। इन दोनों स्कूलों को शीघ्र ही फर्नीचर से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि बच्चों को प्राइवेट स्कूलों जैसा वातावरण महसूस हो सके। फर्नीचर उपलब्ध कराने का निर्णय राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा लिया गया है। वहीं लघु उद्योग निगम को इस फर्नीचर की आपूर्ति करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है ।विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र ने शिक्षा पोर्टल पर दर्ज छात्र संख्या के हिसाब से वर्तमान में आष्टा विकास खंड के 175 माध्यमिक शाला स्कूलों में से 45 में फर्नीचर नहीं था उनमें से दो स्कूलों अरनियाराम एवं लोरासकला को चयनित किया गया है ।जहां पर फर्नीचर प्रदान करने की व्यवस्था की है ।राज्य शिक्षा केंद्र ने इसके लिए राशि भी जारी कर दी है। सबसे पहले अधिक संख्या वाले स्कूलों को यह फर्नीचर उपलब्ध कराया जा रहा है ,इसके बाद घटते क्रम में कम संख्या वाले मिडिल स्कूलों को फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। इस राशि से उपलब्ध होने वाले ड्यूल डेस्क इन दोनों स्कूलों में वितरित किए जाएंगे। शेष बचे स्कूलों में आगामी दिनों में ड्यूल डेस्क उपलब्ध कराए जाएंगे । एक डेस्क में दो छात्र एक साथ बैठकर अध्ययन कर सकेंगे ।

प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लेकर हितग्राही मूलक योजना के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया

# नगर के सर्वांगींण विकास में सरकार पूरा सहयोग करेगी : मंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



भारत सरकार द्वारा देश में भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही हैं जिसमें भारत सरकार एवं राज्यों की सभी हितग्राही मूलक योजना के लाभान्वित पात्र व्यक्तियों को दी जाने वाली योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों को समुचित लाभ मिले इसके लिए गांव गांव शहर शहर भारत संकल्प रथ यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में राजनेतिक दल के पदाधिकारी विधायक,मंत्री प्रशासनिक अधिकारी एक मंच पर उपस्थित होकर योजना का क्रियान्वन कर रहे हैं।

इसी के तहत मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार मोदी की गारंटी की गारंटी को लेकर सभी जगह संकल्प यात्रा निकाल रहे हैं। इसी क्रम में सारंगपुर विकास खंड के गावों में संकल्प यात्रा जारी है। वहीं दूसरी और नगर के नागरिकों को भी संकल्प यात्रा के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। रविवार को नगर पालिका सारंगपुर द्वारा हितग्राही सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें सभी पात्र एवं लाभान्वित हितग्राहियों का समावेश किया गया। नगर पालिका परिषद ने संकल्प यात्रा का शुभारंभ। स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान सभी पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का प्रमाण पत्र वितरण किया इसके पूर्व मंत्री टेटवाल ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल की विकास योजनाओं के मांग पत्र पर बोलते हुए कहा की नगर का सर्वांगीण विकास करने में सरकार पूरा सहयोग करेंगी धन की कोई कमी आड़े नहीं आयेगी जो मांग पत्र आया है उसकी डीपीआर तैयार करो जल्दी ही सभी कामों की राशि आवंटित की जाएगी। इस दौरान पंचमुखी हनुमान मंदिर की बाउंड्री वॉल एवं अन्य कार्य के लिए विधायक निधि से पांच लाख देने की घोषणा की इतना ही नहीं मंच से उपस्थिति सभी नागरिकों एवं हितग्राहियों से आह्वान किया कि सरकार की सभी योजना समानता के साथ पात्र लोगों को दी जाएगी। इस दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों से कहा की अपने अपने विभाग की सभी जनकल्याणकारी योजना का क्रियान्वन समय पर करें।

## हर योजना का होगा हिसाब-किताब

भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के बाद मंच से राज्यमंत्री टेटवाल नगर पालिका के माध्यम से दी जाने वाली सभी योजना सहित उज्जवला योजना पीएम विश्वकर्मा योजना,आयुष्मान प्रधानमंत्री आवास सहित भारत सरकार की सभी हितग्राही मूलक योजना का धरातल पर पात्र लोगो को लाभ मिलना सुनिश्चित करें। हर योजना की समीक्षा के साथ हिसाब किताब भी लिया जाएगा।

### भूमिहीनों को पट्टा दें

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषणा की गई हैं की आवास हीन व्यक्ति को आवास और तथा जिनके पास आवास की भूमि नही हो उनको आवास पट्टा देकर प्रधानमंत्री योजना का लाभ दे पट्टा वितरण की सभी कार्यवाही 15 दिनों में पूर्ण करें। 26 जनवरी तक संकल्प यात्रा चलेगी।इस दौरान सभी लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही पूर्ण करें।भारत संकल्प यात्रा में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातो को दोहराते हुए मंत्री टेटवाल ने कहा की अयोध्या का रेलवे स्टेशन बाल्मिकी जी के नाम से किया गया है। तो हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर जनहित का कार्य करें। इस दौरान भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी निर्मल जैन ने संकल्प यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद सहित प्रशासनिक अमला उपस्थिति रहा।

बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी

# शास्त्री स्कूल का 47 वां वार्षिक उत्सव हुआ आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से दूर रहते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए अपना और अपने माता-पिता गुरुजन का नाम रोशन करें सोशल मीडिया का उपयोग कम से कम करें। उक्त वक्तव्य स्थानीय संस्था शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर सारंगपुर के 47 वे वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माखन सिंह यादव नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के पूर्व आर एम ने कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास खंड शिक्षा अधिकारी बी एल सूर्यवंशी ने की। विशेष अतिथि के रूप में श्री कपिलेश्वर गौशाला सेवा समिति के सचिव वरिष्ठ व्यवसायी एवं ओमप्रकाश राठी,नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार ओम पुष्पद, बीआरसी बीएल वर्मा, नरसिंह लाल शर्मा, रहे सभी अतिथि गणों का स्वागत संस्था के प्रबंधक रमेश चंद्र जोशी ने बैज एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई एवं एवं वर्ष भर चलने वाली स्कूल की गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया । संस्थामें अंग्रेजी माध्यम में भी शिक्षा दी जाती है अंग्रेजी माध्यम ने भी अपना वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण का कार्यक्रम मनाया जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुमिता विजयवर्गीय प्रबंधक सिल्वर बेस स्कूल सारंगपुर एवं अध्यक्षता श्रीमती अंजलि प्रदीप जोशी (मेम्ब्रे इटरनेशनल लायंस क्लब) ने की संस्था की प्राचार्या डॉ. दिव्या अतुल जोशी ने अतिथियों का बैज लगाकर एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया, इस अवसर पर आदि स्टाफ पालक गण,बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था शिक्षक आनंद जोशी ने किया आभार अतुल जोशी ने माना।

अनिश्चितकालीन हड़ताल चालक

# वाहन चालकों ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

लगातार हो रही दुर्घटना को लेकर वाहन चालकों के विरोध में कानून बनाया गया इससे सभी वाहन चालक नाराज हैं। कानून में कई प्रकार की त्रुटियां एवं पारदर्शिता का बड़ा अभाव होने के कारण देश भर के ड्राईवर भयवित हैं। इसको लेकर नए वर्ष एक जनवरी से सभी वाहन चालक हड़ताल पर चले गए हैं।

इसी को लेकर रविवार को यूनियन की और से अनुविभागीय अधिकारी संजय उपाध्याय को एक ज्ञापन भी दिया गया। ज्ञापन देने वालों में ड्राईवर यूनियन अध्यक्ष शाबीर खान, माखन वर्मा, सुनील वर्मा, पवन पुष्पद, जीतू फुलेरिया, संजय वर्मा, धर्मेंद्र राठौर,अजय धनगर सहित ड्राईवर मोजूद थे।

# भारत विकसित संकल्प यात्राः भाजपा सरकार में समस्त योजनाओं का खुलता रहेगा पिटाराः विधायक दांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

शनिवार दोपहर अटल चौक तालाब परिसर पर भारत विकसित यात्रा के तहत कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें हितग्राहियों के 85 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हें सभी संबंधित अधिकारियों के मार्गदर्शन में लाते हुए त्वरित निराकरण के लिए सांझा किए गए। इसके साथ साथ उज्जवला योजना अंतर्गत 30 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास के 15 प्रमाण पत्र एवं पीएम स्वनिधि के 10 प्रमाण पत्र तथा स्वरोजगार के पांच प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इसके साथ-साथ केंद्र कि मोदी सरकार तथा मध्य प्रदेश की मोहन सरकार की बहुमूल्य योजनाओं को विस्तार पूर्वक खिलचीपुर विधानसभा 163 के



नवनिर्वाचित विधायक हजारीलाल दांगी ने बखान कर बताया साथ-साथ यह भी कहा कांग्रेस सरकार के समय इतनी योजनाओं का लाभ निचले स्तर के छोटे-छोटे हितग्राहियों तक नहीं पहुंच सका परंतु भाजपा सरकार बड़े विस्तार पूर्वक निचले स्तर तक हर योजना का लाभ हितग्राहियों को पहुंचने में सक्षम है तथा हमारा उद्देश्य हर गरीब तक हर एक योजनाओं का लाभ बड़ी सरलता के साथ मिलता रहे अटल चौक तालाब परिसर पर जानकारियां दी गई। जिसमें नायब तहसीलदार शैलजा मिश्रा मेडिकल ऑफिसर मोहित गुप्ता सीएमओ हरिओम शर्मा नपा अध्यक्ष देव बाई खटीक वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल कृष्ण गुप्ता मोहनलाल जायसवाल मंडल अध्यक्ष निर्मल गुप्ता मंडल महामंत्री स्वदेश शर्मा मंडल महामंत्री रामबाबू नागर कैलाश पाटीदार पार्षद बद्रीलाल रजक पार्षद प्रतिनिधि नीरज सेठिया प्रवीण खटीक नंदकिशोर धाकड़ फोटोग्राफर ब्रज कुशवाह आदि समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# शिकायतों के निराकरण में किया बेहतर काम कलेक्टर कन्याल ने किया सम्मानित



**कालापीपल।** कार्यों की समीक्षा के आधार पर माह नवम्बर 2023 में सीएम हेल्प लाईन में शिकायतों के निराकरण में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 3 विभाग एवं माह दिसम्बर 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 01 शासकीय सेवकों को कलेक्टर कन्याल ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। माह नवम्बर 2023 में सीएम हेल्प लाईन में शिकायतों के निराकरण में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 03 विभाग में राजस्व विभाग तहसीलदार कालापीपल कैलाश सस्त्या, नगरपालिका शाजापुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ. मधु सक्सेना, ऊर्जा विभाग विद्युत वितरण केन्द्र अरनियाकलां कनिष्ठ यंत्री अंकित श्रीवास्तव तथा माह दिसम्बर 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों में जिला कोषालय सहायक ग्रेड-03 श्री आरिफ खान को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिले के 10 शहीद सैनिक परिवारों का भी शाल-श्रीफल देकर किया सम्मान

# शहीद मनोज वर्मा के शौर्य स्मारक का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

रविवार को अरनिया कला के सरपंच रजनी कमल चंद्रवंशी एवं एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा निर्मित बलिदानी सैनिक मनोज वर्मा के शौर्य स्मारक का लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी उपस्थित रहे।क्षेत्रीय विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी सहित सभी उपस्थित जनो ने प.रवि शंकर शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में बने शहीद स्मारक श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बलिदानी सैनिक स्वर्गीय मनोज वर्मा के पिता तुलसीदास वर्मा एवं उनके पांच साल के एकमात्र पुत्र यथर्व वर्मा को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया तथा विधायक चन्द्रवंशी ने अपने उद्बोधन में उन्हें हर प्रकार की सहायता का भरोसा दिया। आयोजन में इंदौर, देवास ,सीहोर, हरदा, खातेगांव, भोपाल, शुजालपुर, कालापीपल, उज्जैन के सैनिकों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। समिति के प्रदेश संरक्षक कैप्टन से रावत ने भी उद्बोधन दिया। एवं शौर्य स्मारक निर्माण हेतु ग्राम सरपंच एवं समिति को धन्यवाद दिया। समिति द्वारा शाजापुर जिले के 10 शहीद सैनिक परिवारों का



भी सम्मान शाल श्रीफल एवं उपहार भेंट कर किया। देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले प्रत्येक सैनिक को राज्य सरकार की सेवाओं में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जानी चाहिए। इस आशय का ज्ञापन पत्र मुख्यमंत्री के नाम समिति द्वारा विधायक श्री चन्द्रवंशी को सौंपा गया एवं शासन तक सैनिकों की बात पहुंचाने का आग्रह किया गया ' तथा कहा कि अभी तक शाजापुर जिले के किसी सैनिक परिवार को अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त नहीं हुई है जो की चिंता का विषय है। इस अवसर पर लगभग 200 पूर्व सैनिक अपने साथी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

# कैबिनेट मंत्री राजपूत का जगह-जगह किया स्वागत



**कस्बा बागरोद।** मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का भोपाल से सागर जाते समय जगह जगह स्वागत किया। इसी क्रम मे ग्राम बागरोद में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार गोविंद सिंह अपनी विधानसभा सुर्खी में पहुंचे है। स्वागत में भाजपा वरिष्ठ नेता शैलेंद्र श्रीवास्तव निवोदिया, जनपद सदस्य अनिल शर्मा, वरिष्ठ नेता त्रिलोक सिंह दांगी, कैलाश नारायण विश्वकर्मा, कमलसिंह पटेल, अमित कुशमिया, कृष्णकांत कुर्मी, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर चिड़ार मौजूद रहे।

# पुलिस ने वाहनों की चेकिंग कर की चलानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

एसपी धर्मराज मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिला राजगढ़ मे संचालित होने वाली यात्री बसों व वाहनो की जांच व चैंकिग की जा रही है। इस दौरान खिलचीपुर क्षेत्र अन्तर्गत थाना प्रभारी प्रभात गौड़ पुलिस बल के साथ और तहसीलदार सोनू गुप्ता सहित अमले के साथ खिलचीपुर मण्डी रोड पर वाहनों की चैकिंग एवं जांच कर विभिन्न प्रकारी के यात्री वाहनों के दस्तावेज जैसे परमीट, बीमा, फिटनेस, लायसेंस, फस्ट एड बॉक्स, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, अग्नि शमन यंत्र, आदि की चैंकिग की गई और बसों के चालक दृ परिचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये व बस मे समस्त वैध दस्तावेज रखने व क्षमता से अधिक यात्रीयों का परिवहन नही करने की समझाईश दी गई। साथ ही थाना क्षेत्रांतर्गत सघन जांच व चैकिंग मे बस संचालकों बसों को दुरुस्त रखने व सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, ओव्हर लोड नही चलाने व बस मे आवश्यक सुरक्षा उपकरण रखने आदि सम्बधी समझाईश दी साथ ही उन्हे बताया गया की सभी अपनी बसो के ड्रायवरों ध्चालकों को हिदायत दे की बसो की गति नियत्रण मे रखे और ओव्हर स्पीड न करें अपनी और यात्रीयों की सुरक्षा का दायित्व आपका है। इस दौरानचैकिंग नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध 6 चालान में 7500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई।

गोष्ठी का आयोजन कर यज्ञ की रूपरेखा के संदर्भ में की गई चर्चा

# मातृशक्ति अखंड दीप श्रद्धा संवर्धन यात्रा व 24 कुंडली राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ 17 से 20 फरवरी को सारंगपुर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शांतिकुंज हरिद्वार के विद्वानों द्वारा राष्ट्रीय एकता प्राणी मात्र के कल्याण एवं विश्व शांति के लिए 24 कुंडी गायत्री यज्ञ 17 से 20 फरवरी को सारंगपुर में किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए डा के के मिश्रा ने बताया कीयुग ऋषि वेद मूर्ति तो पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य प्रातः स्मरणीय माता भगवती देवी शर्मा के संकल्प में भव्य एवं दिव्या यज्ञ आयोजन संपन्न होना है। इसके लिए 18 जनवरी को यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण का आयोजन होगा भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण के आयोजन में आसपास के नगर एवं क्षेत्र अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहेंगे मानव में देवता का उदय धरती पर स्वर्ग के अवतरण की इस महत्वाकांक्षी योजना विचार क्रांति अभियान के




सहभागी बने।

इस आयोजन को लेकर रविवार को गायत्री मंदिर परिसर जगदीश परमार कालापीपल केसर सिंह परमार बुलढाणा डॉक्टर आप पवार पचोर शिवनारायण कारपेंटर सत्यराज शर्मा की उपस्थिति में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें यज्ञ की रूपरेखा के संदर्भ में चर्चा हुई है और यज्ञ आयोजन में 551 बहनों की कलश यात्रा के दौरान भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति में होने वाले समस्त संस्कारों का यज्ञशाला में संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। जिसमे नामकरण संस्कार अन्नप्राशन संस्कार जन्मदिन विवाह दिवस एवं विवाह संस्कार भी निशुल्क संपन्न होगे यज्ञ की भागीदारी के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं है कोई भी व्यक्ति माता बहने इस यज्ञ में भारतीय वेशभूषा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

यज्ञ में बैठने के लिए न्यूनतम प्रतिदिन गायत्री चालीसा या एक माला गायत्री जप अनिवार्य है या अपने किसी भी इष्टतम मंत्र का जाप या चालीसा करें तो यज्ञ के परिणाम सुखद होंगे आज की इस गोष्ठी में आह्वान किया की 24 कुंडी गायत्री यज्ञ के लिए24 गांव से उनकी मिट्टी और जल एकत्रित किया जाएगा। मिट्टी और जल 18 जनवरी को आएगा इस मिट्टी और जल से 24 कुंड का निर्माण किया जाएगा और विश्व कल्याण की प्रार्थना की जाएगी। यज्ञोपरांत वर्षा ऋतु में 108 पेड़ों का वृक्षारोपण करके उसे वन का रूप दिया जाना है और उसका पालन पोषण की जिम्मेदारी गायत्री परिवार की रहेगी। इस प्रकार का आह्वान किया गया। इस दौरान मणि शंकर पाटीदार प्रेम नारायण रघुवंशी सूरज सिंह विष्णु प्रसाद देवकिशन दयाराम बद्रीलाल लवंशी निहाल सहित मातृशक्ति में श्रीमती सीमा व्यास निर्मला जोशी शशि मिश्रा अनीता पाल रिचा मिश्रा कंचन पाटिल रजनी व्यास सीमा व्यास सहित मात्र शक्तियों उपस्थित थी कार्यक्रम का संचालन पंडित ललित पालीवाल ने किया। आभार तहसील समन्वय कैलाश शर्मा ने माना।